वर्ष-01, अंक-346
छपरा
23 अक्टूबर बुधवार 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com E-Paper website : www.dainikkhojkhabar.live

# साइक्लोन दाना, ओडिशा में 288 राहत टीमें तैनात



## 6 हजार राहत शिविर बनाए, 10 लाख लोग शिफ्ट हो रहे; 550 से ज्यादा ट्रेनें कैंसिल





**पुरी/कोलकाता /चेन्नई,एजेंसी।** अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान 'दाना' बंगाल की खाड़ी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका असर अभी से दिखने लगा है जिसकी वजह से कई राज्यों के तटीय इलाकों में बारिश के साथ मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार तूफान का सबसे ज्यादा असर ओडिशा पर पड़ेगा। करीब आधे राज्य में इसका बहुत ज्यादा प्रभाव देखने को मिलेगा। तूफान अभी 500 km दूर है, लेकिन 13 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

मौसम विभाग ने तूफान दाना के 24 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी में गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका जताई है। ये 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक कभी भी ओडिशा के पुरी जिले और पश्चिम बंगाल के सागर नाम के टापू (दक्षिण 24 परगना जिले में) के बीच टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 120 KMPH तक हो सकती है।

तूफान से निपटने के लिए ओडिशा ने नेशनल डिजास्टर रिलीफ फोर्स (NDRF), ओडिशा डिजास्टर रिलीफ फोर्स (ODRF) और फायर ब्रिगेड की 288 टीमें तैनात की हैं। तूफान के गंभीर असर की आशंका वाले 14 जिलों के सभी स्कूल-कॉलेज की 25 तक छुट्टी की गई है। इन जिलों के 10 लाख लोगों को शिफ्ट किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द की गई हैं।

राज्य ने NDRF की अतिरिक्त टीमें भी मांगी हैं। इसके अलावा साउथ ईस्ट रेलवे ने 150, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 198, ईस्टर्न रेलवे ने 190 ट्रेनें और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे ने 14 ट्रेनें रद्द कर दी हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी ने बताया कि कोलकाता एयरपोर्ट पर 24 अक्टूबर शाम 6 बजे से 25 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी।

### साइक्लोन दाना का 6 राज्यों में असर ओडिशा

ओडिशा के 30 में से 14 तटीय जिलों में तूफान का व्यापक असर होने की आशंका है।

24 अक्टूबर को पुरी, खुर्दा, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों के लिए अलग-अलग भारी से बहुत भारी बारिश (7 से 20 सेमी) के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बालेश्वर, मयूरभंज और जाजपुर में बहुत भारी बारिश (21 सेमी से ज्यादा) की आशंका है।

**पश्चिम बंगाल :** पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि कोलकाता, हावड़ा, हुगली और झारग्राम में 23 से 24 अक्टूबर के बीच भारी बारिश हो सकती है।

आंध्र प्रदेश : आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र में भारी बारिश के साथ 30 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है।

कर्नाटक : तूफान के आने से पहले ही कर्नाटक में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। बेगलुरु में एक अंडरकंस्ट्रक्शन बिल्डिंग गिरने से सात मजदूरों की मौत और छह घायल हो गए।

तमिलनाडु :पुडुचेरी- IMD ने दक्षिण भारत के तमिलनाडु और पूर्वी भारत के कुछ राज्यों में पांच दिन तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

## अजित पवार की एनसीपी ने जारी की उम्मीदवारों की सूची, इन नेताओं को दी जगह

**मुंबई, (आईएएनएस)।** एनसीपी (अजीत पवार गुट) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 38 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस सूची में येवला से छगन भुजबल, कागल से हसन मुश्रीफ को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं, अजीत पवार खुद बारामती सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, कोपुरगव से आशुतोष काले, अकोले से किरण लहामटे, बसमत से चंद्रकांत उर्फ राजू नवघरे, चिपलूण से शेखर निकम और मावल से सुनील शेलके को चुनावी मैदान में उतारा गया है। आंबेगाव से दिलीप वलसे-पाटील, परली से धनंजय मुंडे, दिंडोरी से नरहरी झिरवाल को टिकट दिया गया है। अजीत पवार की गुट ने कांग्रेस से एनसीपी में आए दो विधायकों को भी टिकट दिया है।

## मदरसा कानून खत्म करने के खिलाफ योगी सरकार

### सुप्रीम कोर्ट में कहा-इलाहाबाद हाईकोर्ट को ऐसा नहीं करना चाहिए था

**लखनऊ।** मदरसा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। एक ओर जहां शीर्ष न्यायालय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ ने मदरसा कानून को पूरी तरह खत्म किए जाने के खिलाफ आपत्ति जताई। यूपी सरकार का कहना है कि उन प्रावधानों को खत्म किया जाना चाहिए, जो उल्लंघनकारी हैं।

## नेतन्याहू के बेडरूम तक पहुंचा हिजबुल्ला का ड्रोन

### टेंशन में इजरायल की एजेंसी,सरकार ने बिठा दी बड़ी जांच

**तेल अवीव/बेरूत (एजेंसी)।** इजरायल की हमास और हिजबुल्ला के साथ जारी जंग लगातार तीव्र हो रही है। यहां तक कि इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर भी बीते शनिवार को हमला करने की कोशिश हुई। हिजबुल्ला ने सीधे उनके घर पर ही ड्रोन अटैक किया था, जिसमें उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। नेतन्याहू हमले के वक्त अपने आवास पर नहीं थे। इस बीच हमले की एक तस्वीर भी सामने आई है, जिससे पता चलता है कि हिजबुल्ला का दुस्साहस किस कदर खतरनाक था। तस्वीर में दिखता है कि कैसे नेतन्याहू के बेडरूम पर ही अटैक हुआ और उसकी खिड़की को नुकसान पहुंचा है। साफ है कि हिजबुल्ला का निशाना सटीक था और उसका ड्रोन नेतन्याहू के बेडरूम तक जा पहुंचा।

## दिल्ली की जामिया यूनिवर्सिटी में 2 गुटों के बीच झड़प

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के जामिया मीलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दिवाली के कार्यक्रम के दौरान दो गुटों में झड़प हो गई। चश्मदीदों ने बताया कि झड़प के दौरान कुछ स्टूडेंट ने फिलिस्तीन के समर्थन के नारे भी लगाए। उन्होंने महिला स्टूडेंट पर अभद्र टिप्पणियां कीं। घायल हुए छात्रों को देर रात अस्पताल पहुंचाया गया। रवि कुमार सिंह ने बताया कि कॉलेज दिवाली की छुट्टियों के लिए बंद हो रहे हैं, इसलिए सेलिब्रेशन रखा गया था।

### प्रियंका ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन भरा:

## बोलीं- 35 साल पिता, मां, भाई के लिए कैंपेन किया, पहली बार अपने लिए समर्थन मांग रही



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा- जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड देश का ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे। प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। सत्ता में आए लोगों ने नफरत का इस्तेमाल किया- जो लोग सत्ता में हैं, उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए नफरत का इस्तेमाल किया। उन्होंने अलगाव पैदा किया। यह वह राजनीति नहीं है जिस पर हमारा राष्ट्र बना था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में हमारा स्वतंत्रता आंदोलन समानता और हर धर्म के प्रति सम्मान से प्रेरित था। हम सत्य और न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं- ईसा मसीह हमें विनम्रता के बारे में सिखाते हैं। बुद्ध की शिक्षाएं हमें अहिंसा का मार्ग दिखाती हैं। राष्ट्रवाद की इन्हीं वैल्यूज के लिए आज हम लड़ रहे हैं। हम सत्य, न्याय और समानता के लिए लड़ रहे हैं। इन्हीं मूल्यों ने मेरे भाई को प्रेम और एकता के लिए पूरे भारत में चलने के लिए प्रेरित किया। लैंडस्लाइड में परिवार खोने वाले लोगों से मिली- कुछ महीने पहले, मैं अपने भाई के साथ वायनाड के चूरलमाला और मुंडक्कई गई थी। मैंने तबाही को अपनी आंखों से देखा। मैंने ऐसे बच्चों को देखा जिन्होंने अपना पूरा परिवार खो दिया। मैं उन माताओं से मिली, जिन्होंने अपने बच्चों को खो दिया, जिनका पूरा जीवन लैंडस्लाइड में बह गया। वायनाड के लोग सबकी मदद करते हैं- लैंडस्लाइड के दौरान मैंने एक बात नोटिस की।

### 5 साल बाद मोदी-जिनपिंग की द्विपक्षीय बातचीत-

## दोनों नेताओं ने 50 मिनट चर्चा की ; पीएम बोले- आपसी विश्वास और सम्मान जरूरी



**कजान (रूस),एजेन्सी।** रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 5 साल बाद बुधवार, 23 अक्टूबर को द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाए रखने पर जोर दिया।


2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा, सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि हम खुले मन से बात करेंगे और हमारी चर्चा कंस्ट्रक्टिव होगी।

**पीएम मोदी ने कहा**-हम 5 साल बाद औपचारिक रूप से बैठक कर रहे हैं। पिछले 4 सालों में सीमा पर पैदा हुई समस्याओं पर जो सहमति बनी है, उसका हम स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा, दोनों देशों को अपने मतभेदों को सही तरीके से संभालना चाहिए। हमें अपने विकास के सपनों को साकार करने के लिए कम्युनिकेशन और आपसी सहयोग को मजबूत करना चाहिए। भारत और चीन को संबंध स्थिर बनाए रखने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके।

### सलमान खान से रंगदारी मांगने का मामला

## मैसेज कर रंगदारी मांगने वाला युवक जमशेदपुर से गिरफ्तार



**जमशेदपुर,एजेन्सी ।** मुंबई पुलिस ने अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाले युवक शेख हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। हुसैन को मुंबई और जमशेदपुर पुलिस के संयुक्त प्रयास से बुधवार को पकड़ा गया। पुलिस ने उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ मुंबई ले जाने की तैयारी कर रही है।जानकारी के अनुसार, आरोपी शेख हुसैन सब्जी बेचने का काम करता है। उसने हाल ही में टीवी पर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा सलमान खान की हत्या की धमकी की खबरें देखीं, जिससे उसे रंगदारी मांगने का विचार आया। हुसैन ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा और इसके बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया।16 अक्टूबर को मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मिले मैसेज के बाद से पुलिस की जांच शुरू हो गई थी। पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन नंबर बंद था।हुसैन ने जो संदेश भेजा था, उसमें लारेंस बिश्नोई गैंग का नाम लेते हुए सलमान खान को 5 करोड़ रुपये देने की चेतावनी दी गई थी। संदेश में यह भी कहा गया था कि अगर पैसे नहीं दिए गए, तो सलमान की स्थिति गंभीर हो जाएगी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हुसैन का किसी गिरोह से क्या संबंध है।

## जम्मू-कश्मीर के गांदरबल हमले के आतंकी की तस्वीर सामने आई

### हाथ में राइफल लिए बिल्डिंग में एंट्री करता दिखा; 7 लोगों की जान गई थी



**गांदरबल,एजेन्सी।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में 20 अक्टूबर की देर रात आतंकी हमला हुआ था। इसमें 7 लोगों की जान गई थी। बुधवार को इस हमले में शामिल आतंकी की तस्वीर सामने आई। हाथ में AK-47 जैसी राइफल लिया हुआ आतंकी किसी इमारत में घुसता हुआ नजर आ रहा है।

आतंकी की पहचान फिलहाल सामने नहीं आई है, लेकिन इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने ली थी। दरअसल, गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की थी। हमले में बडगाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान गई थी।

हमले के बाद गांदरबल और गगनगीर के जंगलों में रात से सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। हमले की जांच और हाई अलर्ट के चलते नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (NIA) भी गांदरबल पहुंची थी।

### पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट की हरियाणा-पंजाब सरकार को चेतावनी

## कहा- सख्त आदेश देने को मजबूर न करें; जुर्माना कम लगाया, जानकारी भी गलत दी



**हिसार,एजेन्सी।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। पंजाब और हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी कोर्ट में पेश हुए। सुप्रीम कोर्ट ने गलत जानकारी देने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। हरियाणा सरकार की कार्रवाई से भी सुप्रीम कोर्ट संतुष्ट नजर नहीं आया। कोर्ट ने कहा कि हमें सख्त आदेश देने के लिए मजबूर न करें। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस ए अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने पंजाब और हरियाणा सरकार की खेतों में पराली जलाने से रोकने की कोशिशों को महज दिखावा बताया।कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वास्तव में कानून लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक मुकदमा तो चलना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र, पंजाब और हरियाणा सरकारों को याद दिलाया जाए कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। प्रदूषण में रहना अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है।

**केंद्र सरकार को दो हफ्ते का समय दिया:** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (EPA) के तहत नियम बनाने और जिम्मेदार अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए केंद्र सरकार को दो हफ्ते का समय दिया।दिल्ली-NCR में लगातार बढ़ते प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा- आयोग ने प्रदूषण रोकने के लिए लागू होने वाली सख्तियों को लागू करवाने के लिए कोई मैकेनिज्म तैयार नहीं किया।

## जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भीषण हादसा, तीन की मौत

**जयपुर एजेंसी।** जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रॉले से बस टकरा गई। बस ड्राइवर सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। 46 बस यात्री घायल हुए हैं। गंभीर स्थिति में 17 घायलों को जयपुर रेफर किया गया है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस यात्री अजमेर से दिल्ली राधास्वामी के सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। हादसा कोटपूतली में कंवरपुरा स्टैंड पर बुधवार सुबह करीब 5 बजे हुआ। कोटपूतली थाना अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया- नेशनल हाईवे पर स्लीपर बस अजमेर से रवाना होकर दिल्ली की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कंवरपुरा स्टैंड के पास आगे चल रहे ट्रॉले से जा टकराई। सभी घायलों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर रूप से जख्मी श्रद्धालुओं को जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर कलेक्टर, एडीएम, एसपी समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी हॉस्पिटल पहुंच गए। थाना अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया- हादसे के बाद ड्राइवर ट्रॉला लेकर फरार हो गया। पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी करवाई है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस में कुल 49 लोग सवार थे। सभी यात्री अजमेर और आसपास के हैं। सत्संग के लिए अजमेर से चार बसें एक साथ निकली थीं। इसमें से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मृतकों में अलवर निवासी माया, ब्यावर निवासी सुनीता साहू और बस के ड्राइवर जयपुर निवासी विशाल शर्मा शामिल हैं। हॉस्पिटल पूरी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।



# एकमा में प्रखंड स्तरीय कला उत्सव समारोह आयोजित

## छह विधाओं में प्रतिभागियों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

## प्रखंड के सरकारी व निजी स्कूलों में अध्ययनरत नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने किया प्रतिभाग

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** बिहार शिक्षा परियोजना की ओर से जारी शिड्यूल के तहत प्रखंड संसाधन केंद्र एकमा के तत्वावधान में अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एकमा के परिसर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय कला उत्सव समारोह का आयोजन किया गया।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर बीईओ योगेंद्र बैठा, बीपीएम दीक्षा राय, एचएम श्रीकृष्ण भगवान यादव, अंजना आदि ने किया।मंच का संचालन शिक्षक व भोजपुरी लोक गायक रमेश सजल ने किया। समारोह में प्रखंड क्षेत्र के एक निजी व 19 सरकारी विद्यालयों में नौवीं से 12वीं कक्षा में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं ने को छह विधाओं में अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।बताया गया कि निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों को दिए गये अंक के आधार पर विजेताओं की घोषणा की जायेंगी।

### इन विधाओं में विद्यार्थीयों ने किए प्रतिभाग:

19 उच्च सह उच्चतर विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य, थिएटर, दृश्य कला व पारंपरिक कहानी वाचन के अंतर्गत कत्थक नृत्य, धार्मिक छठ पूजा समूह गायन, भक्ति गीत, देश भक्ति गीत, सामूहिक नाटक आदि की प्रस्तुति की गयी।इस अवसर पर बीईओ योगेन्द्र बैठा, बीपीएम दीक्षा राय, एचएम श्रीकृष्ण भगवान यादव, मो तौकीर अंसारी, रमेश कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, राजेश कुमार सिंह, अमितेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह, अरुण कुमार यादव,संतोष शरण, अजय पांडेय, रविंद्र कुमार, अनूप पाठक, रूपेश सिंह, पंकज सिंह, मनोरमा कुमारी, पारस नाथ शाही आदि अन्य लोगों ने समारोह के आयोजन में सराहनीय सहयोग किया।

# सर्वे पूर्व आपसी बंटवारा नहीं होने पर परिवार के सदस्यों के साथ बनेगा संयुक्त खतियान



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार मे सर्वे का काम शुरू हो गया है। सारण जिले के सभी अंचल के अंतर्गत भूमि का सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। सोनपुर अंचल के अंतर्गत 23 पंचायत मे से करीब 18 राजस्व ग्राम मे युद्ध स्तर पर सर्वे का काम चल रहे है। जिन परिवारों में अब तक पैतृक संपत्ति के आपसी कागजी बंटवारा पर सहमति नहीं बन पाई है। वे सर्वे के दौरान आपसी सहमति से कागजी बंटवारा कर सकते हैं। मौखिक बंटवारा मान्य नहीं होगा। उक्त बाते सोनपुर सहायक बंदोवस्त पदाधिकारी दीपू कुमार ने बुधवार को यह भी बताया कि अगर जमीन के सभी पक्ष आपसी सहमति से वंशावली बनाकर सभी को सरकारी पेपर यानी स्टाम्प पेपर कम से कम 100 रूपये केया अधिक 1 हजार रूपये के स्टाम्प पर अपनी जमीन का बंटवारा कर के चौहदीदार व ग्रामीणों केहस्ताक्षर युक्त पेपर का शेड्यूल बनाकर हस्ताक्षरित आवेदन सर्वे टीम को देना होगा। सरकार ने भूमि विवाद को खत्म करने व अंचल कार्यालय से झंझट से निजात दिलाने केलिए यह कदम उठायी है।सर्वे के दौरान ही उस बंटवारे को मान्यता मिल जाएगी और नया खातियान भी उसी हिसाब से तैयार हो जाएगा।जिसमे सभी केनाम अलग- अलग से खाता, खेसरा, रकवा व चौहदी सर्वे टीम अंकित कर नये खतियान बनाएंगे। मौरूसी या पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से चल रही समस्या, इस सर्वे के माध्यम से सुलझाई जा सकती हैं। अगर सर्वे केपूर्व आपसी बंटवारा नहीं होने पर परिवार के सदस्यों केसाथ संयुक्त खतियान बनेगा ,आपसी बंटवारा का यही सही मौका है। अगर आप आपसी बटवारा सभी के साथ नहीं मिलकर करते है तो बाद मे न्यायलय केचककर लगना पड़ेगा। न्यायलय केनिर्णय केबाद भी नये खतियान आपके नाम से नहीं बनेगा सिर्फ जमीन के मालिक हो सकते है, रजिस्टर 2 मे नाम अंकित हो सकता है। विवादित भूमि है और उस भूमि पर केस चल रहा है तो न्यायलय केनिर्णय मान्य होगा। वही कानूनगो संदीप कुमार ने बताया कि जिन लोगों का अपनी जमीन पर कब्जा बना हुआ है और जिनकी रसीदें हिस्सा केबराबर सही से कट रही हैं, वे सर्वे को लेकर निश्चिंत रह सकते है उन्हें डीड व राजस्व लगान केसाथ प्रपत्र भरकर देना होगा। अगर गलत तरिके से दूसरे केहक व हिस्सा ले लिए है या जबरन भूमि दखल कब्जा किये हुए है तो वह मान्य नहीं होगा। वंशावली केआधार व अपने पैतृक सम्पति केव- हिस्से बराबर केहकदार होंगे। गांवों में कई लोग जो अपनी पुश्तैनी जमीन का बंटवारा नहीं कर पाए हैं और आपसी सहमति से जमीन का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे लोग बंटवारे और सहमति वाली जमीन का लिखित कागज बना लेगे तो उन्हे भी किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी।कोई भी भीर स्वामी अपने पैतिक सम्पति पर सर्वे केकागजात सलंग्न करने केदौरान जमा करने से पूर्व वंशावली सबसे पहले जरूरी है। उसके बाद आपसी बंटवारा,खतियान,भूमि के लगान,आधार कार्ड, मोबाईल नंबर,प्रपत्र 1,2,3 शुद्ध - शुद्ध भर कर जमा करना है।गलत जनकारी देने पर इसका स्वयं जिम्मेवार होंगे, साथ ही आवेदन कर्ता के ऊपर कानूनी करवाई की जायेगी। रैयतो द्वारा दिए गये कागजात को सर्वे अधिकारी,अमीन, सर्वे कर्मी,उसकी कागजी प्रक्रिया केतहत जांच पड़ताल कर आपके भूमि पर पहुंच कर बस्तु स्थिति को देखकर सही होने पर आपके दिए गये प्रपत्र केआधार पर नये खाता, खेसरा, रकवा, चौहदी के साथ भूमि केमापी कर नये खतियान बनाये जाएंगे।

## चाकू से हमला कर किया जख्मी

**मढ़ौरा।** थाना क्षेत्र के नौतन में एक युवक को जाति सूचक गाली गलौज और चाकू से हमला कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में जख्मी नौतन निवासी सत्येंद्र राम का पुत्र अरविंद कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में नौतन निवासी ऋषि सिंह मिथिलेश सिंह, अरविंद दुबे को आरोपित किया है। कहा है कि वह अमनौर से बाजार से अपने घर लौट रहा था। तभी पहले से घात लगाए आरोपियों ने उसे जातिसूचक शब्द बोलते हुए गाली दी। इस दौरान मिथिलेश सिंह और आदित्य दुबे ने उसकी साइकिल को पकड़ लिया और रिषी सिंह ने चाकू से हमला कर उसे जख्मी कर दिया।

## घरेलू विवाद में मां-बहन को मारपीट कर किया जख्मी

**मढ़ौरा ।** थाना क्षेत्र के टेहटी में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने अपनी ही मां और बहन के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। घटना को लेकर जख्मी टेहटी बिन्द टोली निवासी जगदीश महतों की पत्नी कलावती देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिक की में अपने बड़े पुत्र कृष्णा महतों उसकी पत्नी अनीता देवी, पुत्री खुशबू कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी उसके पास आए और गाली गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी जिससे वह जख्मी हो गई। हल्ला सुनकर जब उसकी बेटी सुनीता कुमारी बीच बचाव करने आई तो नामित लोगों ने उसके साथ भी मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। जख्मी का इलाज रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में कराया गया है।

## इसुआपुर पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** इसुआपुर पुलिस ने शराब कांड के फरार उसरी कला गांव के लालबाबू नट तथा बबलू नट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.इस बाबत थानाध्यक्ष कमल कुमार राम ने बताया कि लाल बाबू नट तथा बबलू नट शराब कांड में फरार चल रहे थे.जिन्हें गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उनके घर से गिरफ्तार किया गया.वहीं सांढ़वारा गांव के राजेंद्र पटेल को बेलटूटी में पकड़ा गया तथा उसे भी जेल भेज दिया गया।

### एक महिला समेत चार वारंटी गिरफ्तार

**परसा(सारण)।** परसा पुलिस ने अलग अलग स्थानों से छापेमारी कर एक महिला समेत चार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी चंद्पुरा निवासी सन्नीउल्लाह अंसारी की पत्नी स्नेहा खातून, व पुत्र समीर अंसारी, परसा मथुरा निवासी पारस सिंह,रविन्द्र कुमार को जेल भेज दिया गया है।

## 4 लूटेरो को सोनपुर पुलिस ने हथियार और कार के साथ किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरण एसपी के दिशा निर्देश के अनुसार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। सोनपुर डीएसपी नवल किशोर के मार्गदर्शन मे सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन अपने दल बल के साथ अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। छापामारी के दौरान पुराने कैस एवं नए केस में कामयाबी सोनपुर पुलिस को मिल रही है। इसी क्रम में सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच 19 रिमझिम लाइन होटल के पास चार लुटेरे ने किसी बड़े अपराध केघटना केअंजाम देने की योजना बना रहा था। और मुख्य सड़क मार्ग पर तैनात था जहां सोनपुर पुलिस ने बुधवार की सुबह घेराबंदी कर भाग रहे स्विफ्ट डिजायर कार से चार लुटेरों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि चार लुटेरे एन एच 19 रिमझिम लाइन होटल के पास किसी बड़े घटना का अंजाम देने के लिए लुटेरों को पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे चारों लुटेरा को गिरफ्तार कर लिया गया।



गिरफ्तार युवक फारूक अंसारी पिता आमिर, सुजीत कुमार सिंह पिता उमेश सिंह, रजनीश कुमार उपाध्याय पिता उदय उपाध्याय, सरवन कुमार पिता सुरेश राय सभी 4 लुटेरा सोनपुर नगर पंचायत के हरिहरनाथ थाना अंतर्गत बाघ राजा मानसिंह वार्ड नंबर 20 के निवासी है। गिरफ्तार लुटेरे फारुख अंसारी के पास से एक लोडेड देशी पिस्तौल जिसमें दो गोली भरा हुआ था जबकि रजनीश उपाध्याय के पास से एक मोबाइल, एक उजाला रंग का स्पीफ्ट डिजायर कार जिसका नंबर उट01ठ 3768 है। सुजीत कुमार के पास से एक मोबाईल बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार चारों लुटेरों के ऊपर विभागीय कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

## शिक्षक नेता स्व क़ेदारनाथ पांडेय की दूसरी पुण्य तिथि मनी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण) ।** स्थानीय परमेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज शिल्हौरी में शिक्षक नेता स्व केदारनाथ पांडेय की दूसरी पुण्य तिथि मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो करण सिंह ने कहा कि स्व केदार पांडेय का हमारे महाविद्यालय से बहुत करीबी रिश्ता था । उन्ही के सदप्रयाश से 2012 में इसका पुनः संचालन शुरू हुआ और समय समय पर दिशा निर्देश मिलते रहा । मुख्य रूप से डी बी एस डी डिग्री कॉलेज के प्रो भूपेश ने उनके जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री पांडे शिक्षकों के लिए समर्पित नेता थे । उन्होंने जीवन पर्यन्त शिक्षक हित का कार्य किया है । अगर आज वे जीवित होते तो वित्त रहित शिक्षकों की दशा एवं दिशा में अपेक्षित सुधार हुआ होता । उनके शिक्षक हितैषी होने का सब से बड़ा प्रमाण है कि सभी प्रत्याशी चुनावों में पैसा बाटते हैं वहीं स्व पांडेय जी को शिक्षकों की तरफ से संपूर्ण चुनावी खर्च वहन किया जाता था । वर्तमान राजनीति को देख कर ऐसा लगता है कि उनके जैसा नेता अब तक न हुआ है न होगा । संजय गांधी कालेज के प्रो रजाक ने कहा कि केदार पांडेय आजीवन शिक्षकों की आवाज बन के उनकी समस्याओं को उठाते रहे । सड़क से सदन तक शिक्षकों की लड़ाई में सदा आगे रहे । धन्यवाद ज्ञापन करते हुए शशांक विमल ने कहा कि शिक्षकों में वे भेद भाव नहीं करते थे । संपूर्ण शिक्षक समाज की आवाज थे केदार पांडेय । हमे उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए उनके पुत्र आनंद पुष्कर को आने वाले आगामी विधान परिषद चुनाव में सदन में भेजने का संकल्प लेना ही उनके परती सच्ची श्रद्धांजलि होगी । इस अवसर पर प्रो छोटेलाल राय, प्रो नसीम आलम , प्रो रोहित कुमार,प्रो शिप्रा कुमारी , प्रो स्वेता कुमारी , कमलेश कुमार, दारा सिंह सहित अन्य उपस्थित थे ।



## सीओ इसुआपुर ने किया पीडीएस दुकानों की जांच पड़ताल

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** सीओ करुण करण ने बुधवार को इसुआपुर प्रखंड के रामपुर अटौली पंचायत अंतर्गत सात पीडीएस दुकानों का जांच पड़ताल गहनता पूर्वक किया। वही पीडीएस दुकानों में कुम्हैला गाँव के जमादार राम अटौली गाँव के किरण देवी, कृष्णकांत ओझा महुली गाँव के शोभन माझी,माना मिश्रा तथा डोईला गाँव के तिलेश्वर सिंह और पैक्स गुड्डू सिन्हा के पीडीएस दुकानों की जांच पड़ताल की गई। सीओ करुण करण ने बताया कि जांच के क्रम में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है

## स्वर्गीय केदारनाथ पाण्डेय का द्वितीय पुण्यतिथि मनी




**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष सह बिहार विधान परिषद के सदस्य स्वर्गीय केदारनाथ पाण्डेय का द्वितीय पुण्यतिथि पर उच्च विद्यालय सह इण्टर कॉलेज परसा सारण के सभागार मे शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों तथा छात्र छात्राओं के द्वारा समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय केदारनाथ पाण्डेय के तैल चित्र पर शिक्षक,छात्र छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया । इस अवसर पर सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने कहा कि स्वर्गीय केदारनाथ पाण्डेय शिक्षकों के आवाज थे वे आजीवन शिक्षकों के कल्याण के लिए समर्पित रहे।वे एक शिक्षक नेता ही नहीं बल्कि विद्वान साहित्यकार लेखक राजनेता अदभुत चिंतक भी थे। 1973 से अपने जीवनकाल तक बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव एवं अध्यक्ष के रूप में संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया।विधान पार्षद सदस्य के रूप में सदन में जो उनकी आवाज शिक्षकों के लिए उठती थी तो पूरा सदन उनका अनुशरण किया करता था।आज हम सभी शिक्षक उनकी कमी महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर उच्च विद्यालय परसा के प्रभारी प्रधानाध्यापक जय शंकर गुप्ता , पूर्व प्रखंड सचिव माध्यमिक शिक्षक संघ अनीश कुमार शिक्षक बैजनाथ मिश्रा, अमित कुमार गोकुल, अरुण भाष्कर,मुकेश कुमार वर्मा , उग्रसेन पाण्डेय,महेश दास,पिंटू कुमार एवं अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

## इसुआपुर बीडिओ ने किया पैक्स मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** इसुआपुर प्रखंड के प्रभारी बीडिओ सह निर्वाचि पदाधिकारी पंकज कुमार ने इसुआपुर प्रखंड में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर गहनता पूर्वक मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया तथा बुथ पर उपलब्ध व्यवस्था पानी, बिजली, साफ सफाई, पंखा इत्यादि पर ध्यान दिया गया। जिससे मतदान कर्मियों को कोई कठिनाई महसुस नहीं हो। वही उन्होंने बताया कि इसुआपुर में कुल 13 पंचायतों में सहवा और चकहन को छोड़कर 11 पंचायतों में तीसरे चरण में 29 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। जिसके लिए कुल 25 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# सोनपुर केजिला परिषद की भूमि का हो रहा है अतिक्रमण

## जिला परिषद केभूमि पर लगे पेड़ पौधे को काट कर ले जा रहे आसपास केलोग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहरक्षेत्र सोनपुर स्थित जिला परिषद की भूमि तथा इस पर लगा फलदार सहित वृक्षों की चोरी निरंतर जारी है। किसी समय में जिला परिषद का 88 विधा जमीन था जिस पर हजारों की संख्या में आम,जामुन, कटहल, महुआ, तार, शिशम, सखुआ, अमरुद सहित अन्य प्रकार के हजारों की संख्या मे मुगलकाल और अंग्रेज काल का लगाया वृक्ष था। 75 प्रतिशत से भी अधिक वृक्ष विभाग और वृक्ष चोरों द्वारा वृक्ष को काटकर उसकी राशि हजम कर लिया गया। जिसका मूल्य वर्तमान मूल्य के हिसाव से करोड़ों रुपये की है। जिला परिषद की भूमि पर ही हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में अधिकारियों के लिए अलग-अलग भव्य शिविर का निर्माण किया जाता है।जिसमे 50 प्रतिशत शिविर सिर्फ नाम के रहती है जिसके निर्माण मे हर साल लाखों रूपये खर्च होते है।जिला परिषद के भूमि पर चारो तरफ से स्थायी तथा अस्थायी अतिक्रमण किया जा चूका है।इसके अलावे आसपास केनिवासी जो बाहर से आकर

मकान बनाकर रह रहे हैं। वे सभी अपने-अपने मकान के सामने जिला परिषद की भूमि पर नीजी बाग-बगीचा लगाकर जानवर का नाद व खूंटा रख कर इससे लभान्वित हो रहे है। जानकार लोगों का कहना है कि जिला परिषद की भूमि पर लगा करोड़ों रुपये मूल्य विशाल वृक्ष बेच दिया गया। कई करोड़ मूल्य की जिला परिषद की भूमि को अतिक्रमण कर लिया गया है।सच तो यह है कि यह वही भूमि है जहां कभी रण वाकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह बड़े-बड़े राजाओं को बुलाकर देश को अंग्रेजो की चंगुल से छुड़ाने के लिए मंत्रणा किया करते थे। जिला परिषद की भूमि पर दशाब्दी पूर्व से अतिक्रमण जारी है लेकिन इसका सुधि लेने वाला न तो स्थानीय प्रशासन है न ही जिला प्रशासन। परिणाम स्वरूप जिला परिषद की भूमि को अभी भी अतिक्रमण किया जा रहा है। जिला परिषद केभूमि पर से कितना वृक्ष की चोरी व कटाई हुई इसका भी कोई हिसाब किताब शायद सर्वजनिक नहीं किया जाता है। जिला परिषद का कोई अधिकारी या पार्षद इस स्थलों को एक बार भी निरिक्षण करने नहीं आते यहां तक की अतिक्रमण किये गये स्थलों पर कभी चर्चा करना भी उचित नहीं समझते है जिसकेकारण अतिक्रमण कर्ताओ का मनोबल बढ़ता जा रहा है और भूमि को.और अतिक्रमण करते हुए भूमि मे लगे पेड़ पौधे को काटकर जलावन या अन्य उपयोग मे लाते है। अधिकारी व कर्मी सिर्फ बैठे बैठे मोटी रकम वेतन केरूप मे उठा रहे है। स्थानीय विभिन्न संगठनों केलोगो का कहना है कि जिला परिषद की भूमि को सरकारी स्तर पर मापी कराकर उस भूमि केचारो ओर से घेराबंदी करा दे जिससे भूमि भी सुरक्षित और पेड़ मे लगे फल केभी समयानुसार डाक कर बिक्री कर उस राशि से स्थानीय सरकारी विकास कार्य मे उपयोग हो सके। जिला परिषद केभूमि केअंग्रेजी बजार मे हर साल 32 दिनों तक सरकारी स्तर पर लगने वाली सोनपुर मेला मे अस्थायी शिविर मे करोड़ो रूपये जो खर्च होती है। उस अस्थायी शिविर केजगह स्थायी भवन बनायी जाए तो मेला के उपरांत उसकी जरूरत कार्य या बैठक होंगी तो उससे फैयदा होंगी। लेकिन आस्थाई शिविर से करोड़ो रूपये लगने से सरकार केराजस्व केहानि तो होती ही है, साथ ही मेला उपरांत अतिक्रमण कर्ताओ केचंगुल मे भूमि रह जाती है।



# अंग्रेजों के जमाने का बना मांझी रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा नदारद

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** आजादी से पूर्व अंग्रेजों द्वारा स्थापित माँझी रेलवे स्टेशन बुनियादी व यात्री सुविधाओं के मामले में उपेक्षित बना हुआ है। आजादी की लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों का केन्द्र रहे उक्त स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। यहाँ पर न तो पीने के लिए पानी उपलब्ध है और ना ही शौचालय की ब्यवस्था है। प्लेटफार्म पर न तो यात्री शेड है और न यात्रियों के बैठने के लिए समुचित बेंच तक नसीब नहीं है। मांझी फ्लैग रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के साथ एकमात्र उत्सर्ग एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव होता है। यहां प्रिंटेड रेल टिकट मिलती है वह भी मुहर लगाकर।स्टेशन परिसर में यात्रियों के लिए बैठने व ठहरने तक भी व्यवस्था नहीं है। यूपी बिहार की सीमा से सटे तथा छपरा बलिया रेलखंड का महत्वपूर्ण माँझी रेलवे स्टेशन महज एक कमरे में चल रहा है। यहाँ यात्रियों के साथ-साथ किसी पदाधिकारी या कर्मचारी के रहने के लिए किसी प्रकार के आवास की समुचित व्यवस्था नहीं है और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था है। सुरक्षा के नाम पर पहले आरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई थी लेकिन पिछले कुछ दिनों से वह भी हटा लिया गया।

**बिहार- यूपी को जोड़ने वाला मांझी रेलवे स्टेशन बदहाल :** माँझी अंग्रेजों के जमाने का इकलौता रेलवे स्टेशन है। जो पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर व वाराणसी रेल मंडल के अधीन संचालित होता है। मांझी रेलवे स्टेशन पर कांट्रेक्ट पर टिकट की बिक्री करने वाले संचालक मोजम्मिल हुसैन उर्फ लाल बाबू का कहना है कि माँझी सरयू नदी से महज तीन सौ मीटर की दूरी एवं माँझी चट्टी से महज दो सौ मीटर की दूरी पर माँझी रेलवे स्टेशन वर्ष 1908 से स्थापित है। माँझी रेलवे स्टेशन पर ताजपुर रघुनाथपुर सिसवन तक के दो सौ गाँव के यात्री रेलयात्रा करते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी बात यह है कि बिहार उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे होने के कारण अधिकांश यात्री अपनी सुरक्षा को देखते हुए माँझी स्टेशन से ही यात्रा करना आसान समझते हैं।

मोजम्मिल हुसैन ने बताया कि माँझी फ्लैग स्टेशन उस समय सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है जब माँझी पुल में ट्रेन खड़ी हो जाय तो इसी फ्लैग स्टेशन से उसका कंट्रोल करने में सुविधा होती है। इस प्रकार की घटनाओं में पुल से नजदीक होने के कारण माँझी फ्लैग स्टेशन कारगर साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि पर्व त्योहार में गंगा स्नान, छठ पूजा, जैसे महत्वपूर्ण पर्व त्योहार में हजारों की संख्या में अन्य जगहों से यात्री यहां स्नान के लिए ट्रेनों से आते हैं। इस फ्लैग स्टेशन पर आज भी प्रतिदिन तीन सौ से चार सौ यात्री यात्रा करते हैं। प्रतिदिन लगभग पचास यात्री एम एस टी से नियमित यात्रा करते हैं। यात्रियों का कहना है कि सवा सौ वर्षों तक इस स्टेशन पर किसी तरह की कोई व्यवस्था यात्रियों के लिए नहीं की गई है जबकि छपरा जंक्शन के बाद मांझी स्टेशन से सबसे ज्यादा राजस्व की वसूली होती है। यह स्टेशन बिहार व यूपी को जोड़ता है।



# बिहार में सभी चार सीटों पर उपचुनाव में विजय पताका फहराएगा जनसुराज : टुन्ना

## प्रत्याशी घोषित, नामांकन 24 व 25 अक्टूबर को

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सूबे के रिक्त पड़े चारों विधानसभा सभा सीटों पर जनसुराज के प्रत्याशी घोषित कर दिये गए हैं।सभी सीटों पर जनसुराज के प्रत्याशी भारी मतों से विजय पताका फहरायेंगे।ये बातें जनसुराज पार्टी के राज्य परिषद् सदस्य प्रमोद सिंह टुन्ना ने बताते हुए कहा कि तरारी विधानसभा क्षेत्र में अब कैप्टन एस के सिंह की जगह किरण देवी चुनाव लड़ेंगी जबकि बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से मोखिलाफत हुसैन की जगह मोअमजद चुनाव लड़ेंगे।कुछ तकनीकी कारणों से यह बदलाव किया गया है। वहीं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से सुशील सिंह कुशवाहा तथा इमामगंज से डा.जीतेन्द्र पासवान को पार्टी ने जनता की सलाह पर टिकट दिया है। जनसुराज के उम्मीदवारों का नामांकन 24 तथा 25 अक्टूबर को संबंधित क्षेत्रों में होगा।श्री टुन्ना ने कहा कि यह चुनाव परिवारवाद और बाहुबल बनाम जनता का उम्मीदवार होगा। जनसुराज छोड़कर कमोबेश सभी पार्टियों ने इस चुनाव में बड़े शौक से परिवार के लोगों को टिकट दिया है।अब फैसला जनता को करना है कि वो नेताओं के बेटे-बेटियां,बहू को अपना प्रतिनिधि चुनती है कि बिहार के आम शिक्षित नागरिक को विधानसभा भेजती है।हमनें राज्य के लोगों को बिहार बदलने को एक सशक्त विकल्प दे दिया है।अब चुनाव के दिन 13 नवंबर को निर्णय वोटरों को करना है।



# जहरीली शराब पीने से शख्स की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के ब्राहिमपुर गांव में जहरीली शराब पीने से एक शख्स की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम करा बुधवार की सुबह 7 बजें गांव लाया गया जहा परिजनों में मातम छा गया वहीं मृतक का गांव के कब्रिस्तान में मिट्टी दी गई। मृतक ब्राहिमपुर गांव निवासी मोहम्मद आलिम का 32 वर्षीय पुत्र मुमताज अंसारी हैं। जो एक पैर से दिव्यांग था और राजमिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक 4 भाई हैं वहीं उसकी शादी हो चुकी है और एक बेटी है वहीं पत्नी गर्भवती हैं जिस पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैं। पत्नी रो रो कर बेहोश हो जा रही है और लगातार रोते हुए बोल रहीं हैं कि अब वह किसके सहारे जिऐंगी।

## युवा व्यापारी के कार दुर्घटना में मौत पर पहुंचे सांसद ने जताया शोक



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गोपाल वाड़ी गांव निवासी युवा व्यापारी की कार दुर्घटना में बीते दिनों मौत हो जाने की सूचना मिलने पर महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने गोपालवाड़ी गांव पहुंच शोक जताया और श्रद्धांजली अर्पित करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि युवा व्यापारी संजय सिंह की कार दुर्घटना में मौत हो गई है जो परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर कांग्रेस नेता केदारनाथ सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा,विनय सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।



# एमओ ने जनवितरण दुकानदारों के साथ की बैठक

## राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी का दिया निर्देश

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी दिनेश काजल तिवारी ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक कर राशन कार्डधारियों के शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपस्थित जनवितरण दुकानदारों को संबोधित करते हुए एमओ ने कहा कि विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में सभी कार्ड धारियों का आधार कार्ड से सत्यापित कर ई-केवाईसी कराना अति आवश्यक हैं। ई-केवाईसी पूर्ण होने पर किसी भी सदस्य का राशन कार्ड से नाम नहीं कटेगा जो कार्डधारी ई-केवाईसी से वंचित रह जाएंगे उनका नाम विभाग द्वारा राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा। जिससे बाद में उन्हें परेशानी होगी। इन्होंने सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि दीपावली और छठ महापर्व में बाहर से आने वाले राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यगणों का ई-केवाईसी जरूर करें, ताकि कोई भी राशन कार्ड धारी अपने यूनिट के हिसाब से राशन से वंचित न हो सकें। इसे जनवितरण दुकानदार एक अभियान की तरह कार्य करें और ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें। बैठक में कार्यपालक सहायक सुधांशु श्रीवास्तव, जनवितरण दुकानदार रणधीर कुमार सिंह, देवनारायण सिंह, मनोज राय, कृष्ण सिंह, हरेंद्र राय, जितेंद्र सिंह, रंजय कुमार सिंह, कलावती देवी, समेत दर्जनओं जनवितरण दुकानदार उपस्थित थे।

## डोरीगंज फीडर एसडी का आज तकनीकी कारण से सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिधुत आपूर्ति रहेगी बाधित

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए 11 केवी नए डेडिकेट फीडर बनाने के लिए 11 केवी पोल गाड़ने के कार्य मे सुरक्षा के दृष्टिकोण से 11 केवी डोरीगंज फीडर का एसडी 24 अक्टूबर 2024 को समय 10 बजे पूर्वाह्न से 02 बजे अपराह्न तक रहेगा बाधित । इससे तीन पंचायत शेरपुरा, विशुनपुरा और खलपुरा में बिधुत आपूर्ति बाधित रहेगा। यह कार्य 26.10.2024 तक होगा ।यह जानकारी जेई सुर्यमणी कुमार ने दी।

## युवकों को रेलवे ढाला पर घेरकर मारपीट कर पच्चीस हजार छीने

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मोगलहिया गांव के तीन बाइक सवार युवकों को रेलवे ढाला के पास घेरकर मारपीट कर 25 हजार रुपए छीनने का मामला सामने आया है। जिसमें मोगलहिया गांव निवासी जवाहिर राय के 25 वर्षीय पुत्र भरत कुमार ने थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जिसमें उसने बताया कि उसका ट्रक मशरक के पेट्रोल पंप पर खड़ा था और वह अपने गाव के धीरज कुमार और अनिल कुमार के साथ घर से बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर जा रहे थे। दोनों साथ वाले युवक उसे बाइक से छोड़ने जा रहे थे कि रेलवे ढाला के पास 22 अक्टूबर की रात्री में अजय महंतों समेत अन्य ने घेर लिया और मारपीट कर 25 हजार रुपए छीन लिए। वहीं मारपीट में तीनो का घायल हालत में इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। वहीं उसे सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज हुआ। पुलिस जांच में जुटी है।

## मारपीट का विडियो बनाने का भ्रम समझ मारपीट में पति पत्नी और बेटा घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली गांव में 22 अक्टूबर की रात्री में मारपीट का विडियो बनाने का भ्रम पर युवक को मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है वहीं बचाने आए पति-पत्नी भी घायल हो गए। बहरौली गांव निवासी रंजीता देवी पति राजेश बैठा ने बताया कि उसका बेटा मोबाइल गेम खेल रहा था कि बगल में मारपीट करने वाला शख्स विडियो बनाता समझ उससे मारपीट की जाने लगी जिसे बचानें के दौरान वह और उसके पति भी घायल हो गए। थाना पुलिस को आवेदन दिया गया है पुलिस जांच में जुटी है।

## स्याही पुल से कार व बोलेरो से शराब बरामद

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने जांच के दौरान मैरवा थाना क्षेत्र के स्याही पुल से दो वाहनों से शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर टीम द्वारा छापेमारी की जा रही थी। तभी गुप्त सूचना मिली कि यूपी से एक कार और एक बोलेरो से शराब लाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को छापेमारी के लिए भेजा गया। इस दौरान एक कार को यूपी की ओर से आते देखा गया। उसे रोककर तलाशी ली ही जा रही थी। तभी उसके पीछे चल रहे बोलेरो का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। जांच के दौरान बोलेरो से 1303 बोतल और कार से 355 बोतल शराब बरामद किया गया। वही मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शराब तस्कर यूपी के गोरखपुर जिले के खोरावार थाना क्षेत्र के चिल्लमपुर रुस्तम चौराहा निवासी सोहेल खान है।

# दो दिवसीय विराट ज्ञान महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, बनियापुर विधायक ने की पूजा-अर्चना



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मगुरहा गांव में बुधवार को दो दिवसीय विराट ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य पूजा-अर्चना से की गयी। मौके पर बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने पहुंच पूजा-अर्चना की और विराट ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक स्वामी सत्य प्रकाश जी महाराज को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर आयोजन कर्ता अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने सभी आगत आंगुतकों का भव्य स्वागत किया। सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि दो दिवसीय विराट ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया जिसका समापन 24 अक्टूबर की संध्या हवन पूजन से किया जाएगा।

# दो लक्जरी वाहन में अंग्रेजी शराब के साथ चार गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एन एच 227 ए राम जानकी पथ और छपरा मशरक एस एच 90 पर दो लक्जरी वाहन में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ 4 शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। दारोगा कुंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चंदेश्वर मोड़ पर टाटा सफारी यूपी 16 एएक्स 7333 को और गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर नहर पर मारूति बीआर 08 एन 6519 को जांच के लिए रोका गया तो दोनों में 177 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। वहीं टाटा सफारी में सोमवीर योगी पिता रायफल योगी गांव ताजपुर थाना बापोती पानीपत,दयानंद शर्मा पिता शिव स्वरूप शर्मा गांव खड़की बागपत यूपी, रामनिवास कुमार पिता रामकृष्ण कुमार गांव पलटी खुर्द बालगढ़ सोनीपत हरियाणा और मारूति में नितीश कुमार पिता इंद्रदेव दास गांव फतेहपुर थाना दीदारगंज जिला पटना को गिरफ्तार कर लिया गया। टाटा सफारी हरियाणा से दरभंगा जा रहा था वहीं मारूति यूपी से पटना जा रहा था। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत

## आक्रोशित ग्रामीणो ने किया छपरा पटना मार्ग को अवरुद्ध

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** थाना क्षेत्र के इस्माइल पुर गांव निवासी टुन्ना नट के पुत्र अर्जुन कुमार (13 वर्ष) की मौत बीती रात सड़क हादसे में हो गई। मौत के बाद ग्रामीण उग्र हो गए। ग्रामीणों ने छपरा पटना एनएच (19) रोड को इस्माइल पुर के समीप जाम कर दिया। उग्र ग्रामीणों ने सड़क पर अर्जुन का शव रख कर लगभग एक घंटे तक बवाल काटा डोरीगंज थानाध्यक्ष द्वारा आक्रोशित लोगों को समझाने के बाद मार्ग पर वाहनो की आवा जाही चालू हुआ। घटना के संबंध मे प्रभारी थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि अर्जुन मंगलवार के रात्री के लगभग 9 30 बजे दवा ले जा रहा था तभी अनियंत्रित ट्रक के चपेट मे आ गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# दिवाली के लिए मिट्टी के दीये बनाने में जुटे कुम्हार समाज के लोग

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** दशहरा पर्व खत्म होने के साथ ही मिट्टी के दीये बनाने की तैयारी में कुम्हार समाज के लोग जुट गए है। दीपावली पर्व के दस दिन पहले से ही कुम्हार समाज के लोग मिट्टी के दीये बनाने की तैयारी में जुट गए हैं। चैनपुर गांव एक युवक दिया बनाने में पिछले एक महीने से व्यस्त है।पूछने पर उन्होंने बताया कि दीया के अलावे मिट्टी के घंटी, कलशा, हाथी, कोसी के साथ छठ पूजा में काम आने वाले अनेको बर्तन भी बनाता हूँ। युवक के पिता ने बताया कि पिछले साल दीवाली में मिट्टी के दीये की मांग बड़े पैमाने पर हुई थी। इसलिए अभी से हमलोग दीया बनाने लगे हुए हैं। हालांकि दीवाली भी नजदीक आ गया है। उन्होंने बताया की प्रखंड के कुम्हारों ने मिट्टी के दीये बनाने में रात दिन एक किए हुए हैं। मिट्टी के दीये के अलावे मिट्टी के ढकना, मिट्टी के घोड़े आदि बर्तन कुम्हार बना रहे हैं। ज्यादातर पुरुष ही मिट्टी के बर्तन बनाते हैं।उन्होंने बताया कि बेरोजगारी के इस आलम में अपना रोजगार ही काम आ रहा है। फिर भी लोग हमारी अहमियत नहीं देते। आजकल चाइनीज दियों के कारण हमारी दिये कि मांग कुछ कम हो गई है। उन्होंने कहा कि इसी कमाई से हमलोगों के घर परिवार का खर्चा चलता है। कुम्हार समाज ने लोगों से अपील की है कि इस साल दीवाली में लोग मिट्टी के दीये का ही प्रयोग करें। चाइनीज समान से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने मिट्टी के दिये से दीपावली मनाने के लिए जनता से अपील की।



# अभाविप जिला समिति की समीक्षात्मक बैठक संपन्न

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रो पूनम सिंह भी बैठक में शामिल

**दैनिक खोज खबर सिवान।** अभाविप के जिला समिति की बैठक बुधवार को स्थान महावीर शिशु मंदिर मखदुम सराय सिवान में किया गया.बैठक जिला संयोजक वेद प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर इकाई गठन कॉलेज इकाई गठन, नगर कॉलेज इकाई दर्शन, कार्यकर्ता विकास के लिए वैचारिक प्रबोधन, मिशन साहसी ,स्त्री शक्ति दिवस ,राष्ट्रीय अधिवेशन तथा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रो पूनम सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार समाज में लोगों को बरगलाने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे समय में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत होकर समाज में भारतीय संस्कृति एवं भारतीय मूल्यों पर आधारित विमर्श को खड़ा करना पड़ेगा। प्रदेश सह मंत्री मनोज गुप्ता ने कहा कि अभाविप मिशन साहसी अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय में छात्राओं का पंजीयन कर उन्हें सेल्फ डिफेंस का ट्रेनिंग देगी। जिसके माध्यम से छात्राओं को निडर एवं साहसी बनाया जाएगा। जिला संयोजक वेद प्रकाश चौहान ने बताया कि अभाविप 19 नवंबर रानी लक्ष्मीबाई जयंती को स्त्री शक्ति दिवस के रूप में मनाएगी तथा इस अवसर पर पूरे जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में साथ ही गोरखपुर में होने वाले 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन पर भी चर्चा की गयी। मौके पर . विकसित विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अनमोल कुमार नगर मंत्र अजय यादव नगर शाह मंत्री प्रिंस सिंह पूर्व प्रदेश तार समिति सदस्य है वेद प्रकाश चौहान प्रिया कॉलेज अध्यक्ष अंशु सोशल मीडिया के प्रमुख हर्ष राज गोपाल जी आदि शामिल रहे।



## दस करोड़ का जेवर ला रहा आभूषण कारोबारी गिरफ्तार

**सिवान।** यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार की रात मांट टोल पुलिस व आबकारी टीम ने चेकिंग में एक कार से तलाशी के दौरान करीब दस करोड़ रुपया के सोने के जेवर बरामद किए थे। जांच के क्रम में पाया गया कि टैक्स चोरी कर करीब साढ़े 12 किलो सोने के आभूषण को सिवान लाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली निवासी विवेक गुप्ता व सिवान के नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार निवासी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। इधर गिरफ्तारी के बाद पूरे शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार रमेश कुमार चार भाई है। उसका दुकान चौक बाजार पर स्थित है। चारों भाई सोना व जेवर का काम करते हैं। रमेश का बड़ा भाई वीरेंद्र प्रसाद सिर्फ आभूषण का काम करता है। इस कांड में बारे में स्थानीय लोगों की चर्चा के अनुसार वीरेंद्र कोलकाता से सोना को लेकर सिवान आता है और उक्त सोना को रमेश दिल्ली लेकर जाता था और वहां आभूषण बनवाकर उन्हें चोरी छुपे लेकर पुनः सिवान लेकर आता था।

## एसपी ने जीबी नगर व असांव थाना का किया औचक निरीक्षण

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने बुधवार को जीबी नगर व असांव थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे थाना के विभिन्न मामलों की गहनता से जांच करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। उन्होंने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। वही इस दौरान थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। एसपी ने डायरी को अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराध के ग्राफ को भी देखा। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, हत्या और अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। देर शाम तक एसपी थाने के विभिन्न कांडों के अनुसंधानकर्ता से बारी बारी से कांडों की समीक्षा कर रहे थे। मौके पर एसडीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ट्रक के धक्के से विद्यालय जा रही छात्रा घायल, रेफर

सिवान। नगर थाना क्षेत्र के दरबार समीप बुधवार की सुबह नो एंट्री में घुस एक ट्रक ने एक छात्रा को धक्का मार दिया। इसे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल छात्रा को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने इलाज कर स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। घायल छात्रा की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टडवां गांव निवासी कमलेश्वर प्रसाद की पुत्री स्वाति कुमारी है। जो महावीरी स्कूल में पढ़ने जा रही थी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार भी पहुंच गए। मामले की जांच कर ट्रक को जब्त कर लिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह शहर में सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक गोपालगंज मोड़ से फतेहपुर बाइपास मोड़ तक नो एंट्री लागू हो जाता हैं। इसमें बड़ी वाहनों का प्रवेश नही होती हैं।

## 20 अक्टूबर को नौतन में आभूषण दुकान से 25 लाख के गहने की हुई थी लूट

**सिवान।** नौतन बाजार के मदन मोड़ के समीप 20 अक्टूबर को एक आभूषण दुकान से 25 लाख के गहने लूट की घटना के बुधवार को सिवान सांसद विजयलक्ष्मी देवी पीड़ित आभूषण व्यवसायी से बुधवार को मिली। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारी से बात की और त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि उनसे हुई बातचीत के बाद पुलिस महकमे के वरीय अधिकारी नौतन पहुंचे थे। पुलिस छापेमारी कर रही है। उनकी इस पर नजर बनी हुई है।

### सीएसपी लूट मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के लकड़ी दरगाह स्थित एसबीआइ के सीएसपी केंद्र से हथियार के बल हुई 6300 रुपये लूट मामले में सीएसपी संचालक के पिता नंदकिशोर तिवारी ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।नंदकिशोर तिवारी ने आरोप लगाया है कि मंगलवार की दोपहर एक बाइक पर सवार तीन बदमाश सीएसपी केंद्र पहुंचे। इसमें एक बदमाश बाइक के पास खड़ा रहा तथा दो बदमाश सीएसपी केंद्र पहुंच हथियार के बल सीएसपी कर्मी से 6300 रुपये व मोबाइल लूट फरार हो गए। घटना की सूचना बड़हरिया थाना व 112 डायल को दी गई। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि सीसी कैमरे से घटना की जांच की जा रही है। शीघ्र ही बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## करंट लगने से महिला की मौत, स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में बुधवार को करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतका की पहचान चंद्रमा यादव की पत्नी अनीता देवी के रूप में हुई।स्वजनों ने बताया कि अनीता देवी अपने घर में काम कर रही थी तभी धारा प्रवाहित विद्युत तार उसके शरीर पर गिर गया जिससे वह बेहोश हो गई। स्वजन उसे इलाज क लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। मृतका को तीन पुत्र तथा दो पुत्री है। उसके पति मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाते हैं। इस मौके जागरण क्लब के अध्यक्ष ष जयराम राम सहित अन्य लोग पहुंच स्वजन को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## पशुओं का किया गया टीकाकरण

**सिवान।** केंद्र प्रायोजित पशुधन स्वास्थ्य रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पशुओं में होने खुरहा एवं मुंहपका रोग के रोकथाम के लिए मुफ्त में टीकाकरण का शुभारंभ बुधवार को शहर के गोपाल कृष्ण गोशाला के साथ पूरे जिले में हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुप्ता एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी डा.अहसानुल होदा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी अहसानुल होदा ने बताया कि खुराहा एवं मुंहपका रोग पशुओं को तकलीफ दे देता है साथ ही पशु मालिकों को आर्थिक क्षति भी पहुंचता है। जिला डा.अनिल कुमार ने बताया कि इस रोग पशुओं का दूध कम हो जाता है और इसका कोई इलाज नहीं हो पाता। समाजसेवी देवेंद्र गुप्ता ने कहा टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सभी पशुपालक सक्रिय हों। अपने अपने पशुओं को टीकाकरण कराएं ताकि इस रोग का समूल खात्मा हो सकें। टीकाकरण आज से शुरू होकर 20 दिनों तक चलेगा। इस अवसर पर डा आशुतोष, डा पंकज आदि लोग उपस्थित थे।

## नामजद आरोपित गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के तेलहट्टा बाजार से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर सामाजिक सौहाद्र बिगड़ना के नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या 298/16 में सामाजिक सौहाद्र बिगड़ना के नामजद बंटी कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सांसद ने व्यवसायियों संग की बैठक

**मैरवा (सिवान)।** मैरवा में सांसद विजय लक्ष्मी देवी ने बुधवार को व्यवसायियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी। दवा व्यवसायी ओमप्रकाश जायसवाल ने क्षेत्र के विकास और विभिन्न समस्याओं की चर्चा की। मैरवा में ट्रेनों का ठहराव, जाम से निजात के लिए बायपास रोड व फ्लाई ओवर, मैरवा, सकरा व नवका टोला की दूरी कम करने के लिए रेलवे अंडरपास रोड, मैरवा हरिराम कालेज की पुरानी गरिमा को वापस लाने के लिए प्रयास, राजेंद्र कुष्ठ आश्रम को सुपर स्पेशलिटी नेत्र अस्पताल, दरौली सिकंदरपुर सरयू नदी के पुल निर्माण में हो रहे विलंब, राजेंद्र बाबू की जन्म स्थली जीरादेई, मौलाना मजहरूल हक की जन्मस्थली फरीदपुर, हरिराम ब्रह्म मैरवाधाम को पर्यटक स्थल बनाए जाने, मैरवा अस्पताल के पास रामजानकी पोखरा का सौंदर्यीकरण, झरही नदी का पुनरुद्धार और मैरवा को सिविरेज सिस्टम से युक्त करने की मांगे रखी। बैठक में डा.प्रकाश चंद्र, बबलू जायसवाल, अमित कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। वहीं जन संघर्ष मोर्चा के धीरेंद्र पांडेय और प्रभु बर्णवाल ने भी मैरवा में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव और रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर एक मांग पत्र सांसद को सौंपा। उधर बैकुंठछापर और सकरा शिव मंदिर परिसर में जनसंवाद करते हुए पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जब वह विधायक थे तो उनके प्रयास से मैरवा में मेडिकल कालेज अस्पताल का निर्माण शुरू हुआ।

## स्वर्ण व्यवसायी चंदन कुशवाहा हत्याकांड में एक आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के सानी बसंतपुर में 11 जुलाई की संध्या सानी बसंतपुर गांव निवासी सह स्वर्ण व्यवसायी चंदन कुशवाहा को बदमाशों ने गोली मारकर लगभग पांच लाख के आभूषण एवं तीन लाख रुपये नकद की लूट कर ली। चंदन की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। चंदन हत्याकांड में पुलिस दबिश के कारण एक फरार अभियुक्त ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस उसे पूछताछ के लिए जल्द ही रिमांड पर लेगी। मामले में थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि जीबी नगर थाना कांड संख्या 367/24 दिनांक 13 जुलाई को चंदन कुशवाहा हत्याकांड में फरार अभियुक्त थाना क्षेत्र के सतवारा निवासी पप्पू कुशवाहा द्वारा पुलिस दबिश में दिनांक 21 अक्टूबर को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

### अर्द्धनिर्मित मकान से अस्सी हजार नकद सहित लाखों की चोरी

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हसनपुरवा स्थित एक निर्माणाधीन मकान से चोरों ने 80 हजार नकद सहित लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। इस मामले में पीड़ित शंभू पंडित की पत्नी ममता देवी ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि हम लोगों का घर छोटपुर में है और हम लोगों का एक मकान हसनपुरवा नहर के समीप बन रहा है। मकान में अभी दरवाजा नहीं लगा है। सोमवार की रात्रि हम लोग खाना खाकर सो गए थे, तभी देर रात्रि मकान में खटखट की आवाज सुनाई दी। हमलोग जगे और देखा तो दो-तीन लोग घर में घुसे हुए हैं। शोर मचाने पर सभी लोग भाग निकले, तभी देखा की मकान निर्माण के लिए रखा नकद 80 हजार रुपए, सोने की बाली, पायल, अंगूठी, बिंदिया और हार सहित अन्य सामान की चोरी कर ली गई है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच में जुट गई है।

### एसपी ने किया असांव थाना का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**सिवान।** एसपी अमितेश कुमार ने बुधवार को असांव थाना का निरीक्षण किया तथा पुलिस पदाधिकारियों कई दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वे पुलिस समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। इस दौरान थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। वे थानाध्यक्ष रवि कुमार से थाना के विभिन्न मामलों की जानकारी ली। तत्पश्चात थानाध्यक्ष को अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने, न्यायालय से जुड़े मामलों को त्वरित निष्पादन करने, अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसपी ने समय से गश्ती व पैक्स चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसपी मानपुर पतेजी तीनमुहानी के समीप बन रहे नवनिर्मित थाना भवन का भी जायजा लिया। इस मौके पर एसआइ मिथिलेश मांझी, दिनेश कुमार पांडेय, दुर्गा प्रसाद यादव, मैनेजर सिंह, एएसआइ ललन कुमार, रामचंद्र पासवान, भरत किशोर यादव समेत दर्जनों पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### चारदीवारी करा रही महिला के साथ मारपीट, सात नामजद

**सिवान।** दरौली थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में चारदीवारी का निर्माण करा रही एक महिला को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित महिला अमरपुर निवासी नीलू देवी ने मंगलवार की शाम थाना में आवेदन देकर गांव के ही मुखिया पति गिट्टू राय, संदीप भगत, मुन्ना राय, मंटू भगत, विमल राय, विनोद राय, गीलू को आरोपित किया है। आवेदन में कहा है कि 14 अक्टूबर को मैं अपनी भूमि पर चारदीवारी करा रही थी तभी उक्त सभी लोग आकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध किया तो वे सभी मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

### स्मार्ट मीटर लगाने को ले ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को विद्युत विभाग सिवान ग्रामीण एसडीओ प्रशांत कुमार जायसवाल, जेई राजीव कुमार व सीओ नीलम कुमारी के नेतृत्व में शिविर लगा ग्रामीणों को स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही स्मार्ट मीटर की विशेषताओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर नंदेश्वर सिंह, अभिजीत कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, दिलीप कुमार, सतीशचंद्र गुप्ता, सरपंच सुनीता देवी, पैक्स अध्यक्ष कमलेश सिंह समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कचनार व भागर दियरा में पुलिस ने छापेमारी, चार भट्ठियां ध्वस्त

**सिसवन (सिवान)।** सिसवन थाना की पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के भागर एवं कचनार दियरा क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान चार भट्ठियों को ध्वस्त किया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के भागर एवं कचनार पंचायत के सरयू नदी के उस पार किनारे अवैध रूप से चल रहे देशी शराब की चार भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। वहीं 8000 लीटर कच्चा जावा को नष्ट किया गया है। पुलिस पुलिस के पहुंचने से पहले ही धंधेबाज मौके से फरार हो गए। छापेमारी दल मेंइ चौकीदार राजेश कुमार, परमात्मा यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में हड़कंप है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि दियरा इलाके में अवैध शराब का निर्माण एवं कारोबार कोई नई बात नहीं है। दरअसल पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन कुछ हीं दिनों में फिर धंधेबाज अपना काम शुरू कर देते हैं। जब तक उनके विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाएगी, कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लग पाना संभव नहीं है।

## मांगों को ले सीपीआइ कार्यकर्ताओं ने किया प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** प्रखंड कार्यालय के समक्ष बुधवार को भारतीय कंयुनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) द्वारा जन समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिहार एवं केंद्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा मांगों का ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। सीपीआइ कार्यकर्ताओं ने कहा कि विभिन्न गांवों में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों के मामले की निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराई जाए तथा मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी एवं मुआवजा प्रदान की जाए। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने भूमि सर्वे अभियान में रिश्वतखोरी पर रोक लगाने तथा भूमि से संबंधित सभी कागजात अंचल कार्यालय के माध्यम से काश्तकारों को उपलब्ध कराने, पीएम आवास योजना के चयन में पारदर्शिता अपनाने, स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान को रोकने, मनरेगा को कृषि से जोड़ने की मांग उठाई। इस अवसर पर जिला सचिव तारकेश्वर यादव, राजेंद्र सिंह, बागेश्वर प्रसाद, कृष्णकांत पंडित, जगन्नाथ सिंह, कंचन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

